

**श्री नरेंद्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**श्री हेमंत सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# “पक्का मकान मिलने से पूरे हुए जीवन के कई अरमान”



श्रीमती रीता कुंडू, पति-यदु गोपाल कुंडू, ग्राम-पुराना बाजार टोली, बुण्डू वार्ड नंबर 8 की निवासी हैं। वह एक गरीब परिवार की महिला हैं। उनका पुराना खपरैल का मकान था, जिसमें बरसात के दिनों में छत से काफी पानी टपकता रहता था। इससे उनके घर की दीवार के भी गिरने का हमेशा डर बना रहता था। उनके इस घर में उनका तीन परिवार एक साथ रहता था, जिसके कारण उन्हें कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस बीच उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बारे में पता चला, जिसके बाद उन्हें बुण्डू नगर पंचायत कार्यालय एवं अपने वार्ड पार्षद से संपर्क स्थापित करने के बाद इस बारे में पूरी जानकारी मिली। साथ ही उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का फार्म भी दिया गया। घर आकर परिवार की सहमति से इस फार्म को भरकर उन्होंने उसे बुण्डू नगर पंचायत कार्यालय में जमा करवा दिया। कुछ दिनों के बाद उन्हें कार्यालय बुलाकर बताया गया कि आपका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभुक के रूप में चयनित हो गया है तथा भवन निर्माण हेतु कार्यालय से आदेश भी दे दिया गया। श्रीमती रीता कुंडू के मुताबिक उन्हें यह खबर सुनकर इतनी खुशी हुई जिसे वह शब्दों में बयां नहीं कर सकती हैं। नगर पंचायत कार्यालय से भवन निर्माण का आदेश मिलते ही उन्होंने अपना आवास बनाना शुरू कर दिया। नगर पंचायत कार्यालय द्वारा इसके लिए योजना मद में चार किश्तों के आधार पर उन्हें 2,25,000 (दो लाख पच्चीस हजार रुपये) प्राप्त हुआ। भवन निर्माण कार्य पूरा होने पर परिवार के सभी लोग खुशी-खुशी व काफी सुकून के साथ इस नए पक्का मकान में रहने लगे। इसके लिए उन्होंने सरकार व बुण्डू नगर पंचायत कार्यालय के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कार्यपालक पदाधिकारी, अपने वार्ड पार्षद समेत सभी कार्यालय कर्मियों का तहेदिल से शुक्रिया अदा करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

टॉल फ्री नं०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA